लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **तारा चन्द मीणा**, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/37/2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 24.03.2021
G.C.M.S. NO. :-2021/140

श्री शांतिलाल पिता जगनाथ जी छीपा, बालाजी नमकीन, नाश्ता, सुभाष चौक, चित्तौड़गढ़

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राज.) जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 20.04.2021

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 19.02.2021 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 37/2021/(20.04)/290 दिनांक 24.03.2021 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ को दिनांक 20.04.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 20.04.21 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/लोसूअ/2020–21/484 दिनांक 16.04.2021 कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

Signature Not Verified
Digitally signed by Tara Chand Meena
Date: 2021.06.23 12:17:07 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 37 / 2021 (सू.अ.)
श्री शांतिलाल छीपा निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़

प्रार्थी श्री शान्तिलाल छीपा, बालाजी नमकीन, नाश्ता, सुभाष चौक, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार, अधिनियम, 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही गई सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक / लोसूअ / 2021 / 205 दिनांक 12.03.2021 द्वारा सूचित किया जा चुका है।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / लोसूअ / 2020–21 / 484 दिनांक 16.04.21 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना के संबंध में सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / लोसूअ / 2021 / 205 दिनांक 12.03.2021 से सूचित किया जा चुका है कि प्रस्तुत आवेदन से अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना उनके कार्यालय रेकार्ड अनुसार कार्यालय में उपलब्ध नहीं होना पाया गया है।

चूंकि अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा, उसके द्वारा वांछित सूचना के संबंध में अवगत करा दिये जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है।

(तारा चन्द मीणा)
लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / सरिश्ता / प्र.सं. / 37 / 2021(सू.अ.) / 374 दिनांकः– 20 / 05 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़
2. श्री शान्तिलाल पिता जगनाथ जी छीपा, बालाजी नमकीन, नाश्ता, सुभाष चौक, नीम के नीचे, चित्तौड़गढ़

Signature Not Verified

Digitally signed by Tara Chand Meena
Date: 2021.06.23 12:17:07 IST
Reason: SelfAttested

सूचना अपीलीय अधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)